Adda247

## खण्ड-1

## सामान्य अध्ययन

1. उत्तराखण्ड के किस जनपद में गन्ने का उत्पादन सर्वाधिक होता है ?
(a) नैनीताल (b) उधमसिंह नगर (c) देहरादून (d) बागेश्वर

2. उत्तराखण्ड बजट 2023–24 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य है :
(a) जी.एस.डी.पी. का 2.7 प्रतिशत (b) जी.एस.डी.पी. का 2.0 प्रतिशत
(c) जी.एस.डी.पी. का 1.8 प्रतिशत (d) जी.एस.डी.पी. का 1.5 प्रतिशत

3. निम्नलिखित में से कौन एक उत्तराखण्ड राज्य की सबसे बड़ी जल-विद्युत परियोजना है ?
(a) कोटली– भेल जल-विद्युत परियोजना (b) विष्णुप्रयाग जल-विद्युत परियोजना
(c) मनेरी–भाली जल-विद्युत परियोजना (d) टिहरी जल-विद्युत परियोजना

4. उत्तराखण्ड में चल रही 'चार धाम' परियोजना निम्नलिखित कार्यों में से किससे सम्बन्धित है ?
(a) सड़क निर्माण (b) मंदिरों का रख-रखाव (c) प्रदूषण नियंत्रण (d) शहरी क्षेत्रों की साफ–सफाई

5. उत्तराखण्ड प्रदेश में किस फसल की पैदावार नहीं होती है ?
(a) सेब (b) लीची (c) नारियल (d) माल्टा

6. उत्तराखण्ड की वन नीति का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है :
(a) पर्यावरणीय स्थिरता एवं पारिस्थितिकीय संतुलन स्थापित करना
(b) ग्रामीण विकास
(c) ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम
(d) इनमें से कोई नहीं

7. उत्तराखण्ड में सिंचित कृषि भूमि को कहा जाता है :
(a) तलॉव (b) जलॉव (c) उपरॉव (d) खेल

8. उत्तराखण्ड के 'चार धाम' (गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्री तथा केदार) जनपदों के किस समूह में स्थित हैं ?
(a) उत्तराकाशी – चमोली – टिहरी (b) उत्तराकाशी – टिहरी – पौड़ी
(c) उत्तराकाशी – रुद्रप्रयाग – टिहरी (d) उत्तराकाशी – रुद्रप्रयाग – चमोली

9. अविभाजित गढ़वाल राज्य का अंतिम नरेश कौन था ?
(a) सुदर्शन शाह (b) महिपत शाह (c) फतेह शाह (d) प्रद्युम्न शाह

10. गढ़वाल लोक सभा क्षेत्र से प्रथम निर्वाचित सांसद कौन थे ?
(a) भक्त दर्शन (b) कमलेन्दुमति शाह (c) डी.डी. पन्त (d) मुकुन्दी लाल

11. उत्तराखण्ड पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए कितनी सीटें आरक्षित हैं ?
(a) 33 प्रतिशत (b) 40 प्रतिशत (c) 50 प्रतिशत (d) 55 प्रतिशत

12. निम्नलिखित में से कौन सा रेडियोधर्मी पदार्थ उत्सर्जित नहीं करता ?
(a) इलेक्ट्रॉन्स (b) गामा किरणें (c) प्रोटॉन्स (d) हीलियम केन्द्रक

13. निम्न में से किस औषधि का उपयोग अपच के उपचार के लिये होता है ?
(a) एंटीबायोटिक (b) ऐनालजेसिक (c) एंटासिड (d) एंटीसेप्टिक

14. एक छड़ की तापीय चालकता ______ पर निर्भर करती है ।
(a) लम्बाई (b) द्रव्यमान
(c) अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल (d) छड़ की सामग्री

15. ओ एम आर से अभिप्राय है –
(a) ऑप्टिकल मार्क रीडर (b) ऑपरेटिंग मार्क रीडर
(c) ऑपरेटिंग मैन्यू रीडर (d) इनमें से कोई नहीं

16. किसी प्रोग्राम में बग ढूंढ़ने की प्रक्रिया कहलाती है –
(a) डिज़ाइनिंग (b) कोडिंग (c) डिबगिंग (d) बगिंग

17. IPv4 एड्रैस में ______ बिट्स होती हैं ।
(a) 32 (b) 128 (c) 256 (d) इनमें से कोई नहीं

18. कम्प्यूटर में एक के बी बराबर है :
(a) 1000 बाइट (b) 1024 बाइट (c) 1025 बाइट (d) 1048 बाइट

19. किस वेद में 'सभा और समिति' को 'प्रजापति की दो बेटियाँ' कहा गया है ?
(a) ऋग्वेद (b) यजुर्वेद (c) अथर्ववेद (d) सामवेद

20. निम्नलिखित में से कौन मगध राज्य की प्रथम राजधानी थी ?
(a) वैशाली (b) राजगृह (c) चम्पा (d) पाटलिपुत्र

21. विटामिन ई का रासायनिक नाम क्या है ?
(a) राइबोफ्लेविन (b) कैल्सिफेरॉल (c) नियासीन (d) टोकोफैरॉल

22. खाद्य शृंखला में शाकाहारी हैं :
(a) प्राथमिक उपभोक्ता (b) उत्पादक
(c) द्वितीयक उपभोक्ता (d) अपघटक

23. मलेरिया की प्रसिद्ध दवा कुनैन को ______ से प्राप्त किया जाता है ।
(a) सिन्कोना के फल (b) सिन्कोना की छाल
(c) सिन्कोना की जड़ों (d) सिन्कोना की पत्तियों

24. चोल राज्य का संस्थापक, विजयालय किस राज्य का सामंत था ?
(a) राष्ट्रकूट (b) चेर (c) पाण्ड्य (d) पल्लव

25. निम्नलिखित में से किसने अपनी आत्मकथा लिखी ?
(a) इल्तुतमिश (b) अलाउद्दीन खिल्जी (c) फिरोजशाह तुगलक (d) बलबन

26. लॉर्ड माउण्टबेटन के द्वारा सत्ता हस्तान्तरण के लिए 15 अगस्त, 1947 का दिन क्यों चुना गया था ?
(a) यह माउण्टबेटन का जन्म दिवस था।
(b) यह हिन्दू कलेण्डर का एक पवित्र दिवस था।
(c) यह क्लीमेंट एटली का जन्म दिवस था।
(d) यह द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों की जापान पर विजय की दूसरी वर्षगाँठ थी।

27. 'एकवर्थ समिति' निम्नलिखित में से किस विषय से सम्बन्धित थी ?
(a) व्यापार (b) सेना (c) शिक्षा (d) रेलवे

28. निम्नलिखित में से किसने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन को 'शिक्षित भारतीयों का मेला' कहा था ?
(a) बाल गंगाधर तिलक (b) लाला लाजपत राय
(c) बिपिन चन्द्र पाल (d) रास बिहारी बोस

29. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अन्तर्गत भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए अर्हताएँ निर्धारित हैं ?
(a) अनुच्छेद 56 (b) अनुच्छेद 58 (c) अनुच्छेद 57 (d) अनुच्छेद 59

30. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का कौन सा कालखंड 'एकल दलीय-प्रभुत्व व्यवस्था' के रूप में विशेषीकृत है ?
(a) 1947-67 (b) 1967-71 (c) 1977-79 (d) 2004-09

31. निम्नलिखित किस वाद में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 'संविधान की आधारभूत संरचना' के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया ?
(a) बेरूबारी वाद (b) गोलकनाथ वाद
(c) केशवानन्द भारती वाद (d) मिनर्वा मिल्स वाद

32. निम्नलिखित में से कौन सी महिला भारतीय संविधान सभा की सदस्य थीं ?
(a) प्रीतिलता वाडेकर (b) कमला नेहरू
(c) रानी अवन्तीबाई लोधी (d) अम्मू स्वामीनाथन

33. निम्नलिखित में से किसने 1941 ई. में 'गोरक्षा मण्डल' का गठन किया था ?
(a) विनोबा भावे (b) गोविन्द बल्लभ पंत (c) मदन मोहन मालवीय (d) महात्मा गाँधी

34. निम्नलिखित में से कौन नेता दक्षिण अफ्रीका गया और गाँधीजी को उनके उद्देश्य प्राप्त करने में मदद की ?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) लाला लाजपत राय (c) अरबिन्दो घोष (d) गोपाल कृष्ण गोखले

35. निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद पंचायतों की वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन हेतु वित्त आयोग के गठन का प्रावधान करता है ?

(a) अनुच्छेद 243 क (b) अनुच्छेद 243 ख (c) अनुच्छेद 243 घ (d) अनुच्छेद 243 झ

36. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में निजता के अधिकार की परिकल्पना की गई है ?

(a) अनुच्छेद 14 (b) अनुच्छेद 19 (c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 32

37. निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा का संवैधानिक सलाहकार था ?

(a) राजेन्द्र प्रसाद (b) बी.आर. अम्बेडकर (c) बी.एन. राव (d) जे.एल. नेहरू

38. भारतीय संविधान की कौन सी अनुसूची केन्द्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण का विवेचन करती है ?

(a) 5वीं अनुसूची (b) 6ठीं अनुसूची (c) 7वीं अनुसूची (d) 8वीं अनुसूची

39. भारत द्वारा आयोजित G-20 सम्मेलन, 2023 में निम्न में से किस देश/देशों के समूह को सदस्य बनाया गया ?

(a) नेपाल (b) पाकिस्तान (c) बांग्लादेश (d) अफ्रीकन यूनियन

40. बहुआयामी निर्धनता सूचकांक (एम.पी.आई.) में निम्नलिखित कौन सा एक सम्मिलित नहीं है ?

(a) स्वास्थ्य (b) शिक्षा (c) जीवन स्तर (d) प्रति व्यक्ति आय

41. भारत सरकार के 'जल जीवन मिशन' के अन्तर्गत निम्न में से कौन सा कार्यक्रम चलाया जा रहा है ?

(a) नमामि गंगे (b) स्वच्छता पखवाड़ा (c) हर घर जल (d) जल शुद्धिकरण प्लाण्ट

42. सतत् विकास लक्ष्य 2030 में निम्नलिखित में से कौन सा एक लक्ष्य-4 के रूप में चिह्नित है ?

(a) शिक्षा (b) स्वास्थ्य (c) भूख, गरीबी एवं पोषण (d) पर्यावरण

43. भारतीय संविधान की प्रस्तावना निम्नलिखित में से किस दस्तावेज/कानून पर आधारित है ?

(a) नेहरू रिपोर्ट (b) उद्देश्य संकल्प

(c) भारत सरकार अधिनियम, 1935 (d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

44. "द इंडियन कांस्टिट्यूशन : कार्नरस्टोन ऑफ ए नेशन" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(a) ग्रेनविल ऑस्टिन (b) प्रभु चावला (c) सूसान रूडोल्फ (d) एम.पी. सिंह

45. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद संविधान-संशोधन की प्रक्रिया की विवेचना करता है ?

(a) अनुच्छेद 280 (b) अनुच्छेद 352 (c) अनुच्छेद 360 (d) अनुच्छेद 368

46. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | रेलवे खण्ड | मुख्यालय |
|---|---|---|
| (a) | उत्तर-पूर्वी रेल | – गोरखपुर |
| (b) | पूर्वी रेल | – कोलकाता |
| (c) | दक्षिण-पूर्वी-मध्य रेल | – बिलासपुर |
| (d) | दक्षिण-पूर्वी रेल | – भुवनेश्वर |

47. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर दशक था
(a) 1951-61 (b) 1961-71 (c) 1971-81 (d) 1981-91

48. 'आहोम' जनजाति भारत के किस राज्य से सम्बन्धित है ?
(a) आंध्र प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) असम (d) झारखण्ड

49. निम्नलिखित नदियों को पश्चिम से पूर्व के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
(A) सोन
(B) चम्बल
(C) केन
(D) बेतवा
(a) बेतवा, केन, चम्बल, सोन (b) चम्बल, बेतवा, केन, सोन
(c) सोन, बेतवा, चम्बल, केन (d) केन, सोन, चम्बल, बेतवा

50. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है ?

| | खनिज | क्षेत्र |
|---|---|---|
| (a) | सोना | – कोलार |
| (b) | कोयला | – झरिया |
| (c) | लौह अयस्क | – गुण्टूर |
| (d) | हीरा | – पन्ना |

51. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत के किस राज्य में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है ?
(a) गोवा (b) तमिलनाडु (c) महाराष्ट्र (d) मिजोरम

52. निम्न में से किस राज्य में 2011 की जनगणना के अनुसार अधिकतम जनसंख्या वृद्धि दर थी ?
(a) मिजोरम (b) मेघालय (c) त्रिपुरा (d) नागालैण्ड

53. 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' सम्बन्धित है :
(a) ग्रामीण बैंक (b) लघु व्यवसाय इकाइयाँ (c) मध्यम उद्योग (d) इनमें से कोई नहीं

54. कर्क रेखा निम्नलिखित में से किस राज्य से होकर नहीं गुजरती है ?
(a) छत्तीसगढ़ (b) त्रिपुरा (c) मिज़ोरम (d) मणिपुर

55. बोकारो स्टील संयंत्र का विकास निम्न में से किसके सहयोग से किया गया था ?
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (U.S.A.) (b) जर्मनी
(c) रूस (d) इंग्लैण्ड

Adda247

56. अक्टूबर 2023 में उत्तराखण्ड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कौन थे ?
(a) राधा रतूड़ी (b) वी. शनमुगम (c) एस.एस. संधू (d) सुभाष कुमार

57. वर्ष 2023 में महिला फुटबॉल विश्व कप किस देश द्वारा जीता गया ?
(a) इंग्लैंड (b) यू.एस.ए. (c) पुर्तगाल (d) स्पेन

58. वर्ष 2023 में किस भारतीय ग्राम को यू.एन.डब्ल्यू.टी.ओ. (UNWTO) द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम' का पुरस्कार प्रदान किया गया है ?
(a) गोट विलेज (b) पीपली (c) ज्योतिसर (d) धोरडो

59. 31 अक्टूबर, 2023 को भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने निम्नलिखित में से किसके स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया ?
(a) लद्दाख (b) त्रिपुरा (c) मणिपुर (d) पुडुचेरी

60. वह स्थान जहाँ विक्रम लैंडर ने चंद्रमा को छुआ था उसे _____ का नाम दिया गया है।
(a) तिरंगा पॉइंट (b) शिव शक्ति (c) आदित्य (d) अनंत

61. वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु किस पोर्टल का प्रयोग किया जा रहा है ?
(a) आई.एफ.एम.एस. (b) ई.कोष (c) समर्थ (d) अभ्युदय

62. 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' संविधान के किस संशोधन द्वारा पारित हुआ है ?
(a) 126वें (b) 128वें (c) 130वें (d) 132वें

63. निम्न में से किस राज्य ने वर्ष 2023 में जाति आधारित जनगणना आयोजित एवं प्रकाशित करवाई ?
(a) छत्तीसगढ़ (b) तमिलनाडु (c) असम (d) बिहार

64. एशियन गेम्स 2023 आयोजित हुए थे
(a) इंचिओन में (b) गुआंगझाऊ में (c) जकार्ता में (d) हांगझाऊ में

65. वर्ष 2023 के लिए 'दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान' किसे प्रदान किया गया है ?
(a) रजनीकांत (b) रेखा (c) वहीदा रहमान (d) हेमा मालिनी

66. वर्ष 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार _____ को प्रदान किया गया है।
(a) क्लाउडिया गोल्डिन (b) बाराक ओबामा
(c) नर्गेस मोहम्मदी (d) पियरे एगोस्टिनी

67. 'न्हावा शेवा बन्दरगाह' निम्न में से किस शहर में स्थित है ?
(a) चेन्नई (b) नई दिल्ली (c) मुम्बई (d) कोचीन

68. वर्ष 2023 में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज विश्व कप किसने जीता ?
(a) आर. प्रगनानन्द (b) मेग्नस कार्लसन (c) विश्वनाथन आनंद (d) हिकारू नाकामूरा

69. भारत ने वर्ष 2023 एशियाई खेलों के दौरान _____ स्वर्ण पदक जीते।
(a) 26 (b) 27 (c) 28 (d) 29

70. रानी गुलेरिया ने निम्नांकित में से किस परमार शासक को राज्यभार सौंपा था ?
(a) ललित शाह (b) नरेन्द्र शाह (c) प्रताप शाह (d) कीर्ति शाह

71. काठगोदाम के निकट स्थित रानीबाग किस रानी के नाम पर स्थापित हुआ था ?
(a) कर्णावती (b) जियारानी (c) खनेती (d) गुलेरिया

72. अजाद पंचायत का सम्बन्ध उत्तराखण्ड के निम्नलिखित में से किस जन आंदोलन से है ?
(a) रवांई आंदोलन (b) कुली बेगार आंदोलन
(c) डोला पालकी आंदोलन (d) इनमें से कोई नहीं

73. टिहरी राज्य के किस राजा ने राज्य के मुख्य न्यायालय का नाम बदलकर 'हुजूर दफ़्तर' कर दिया ?
(a) प्रताप शाह (b) कीर्ति शाह (c) नरेन्द्र शाह (d) सुदर्शन शाह

74. निम्नलिखित में से कौन कुमाऊँ का बिना-ताजपोशित राजा कहलाता था ?
(a) जी.डब्ल्यू. ट्रैल (b) जॉर्ज लुशिंगटन (c) हेनरी रामजे (d) एडवर्ड गोवान

75. निम्नलिखित में से किसने वर्ष 1924 में अल्मोड़ा में विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की नींव रखी थी ?
(a) नैन सिंह (b) बोशी सेन (c) नीलाम्बर जोशी (d) डॉक्टर खजान चंद

76. कुमाऊँ परिषद का तृतीय वार्षिक अधिवेशन निम्नलिखित में से किस स्थल पर आयोजित हुआ था ?
(a) कोटद्वार (b) काशीपुर (c) हल्द्वानी (d) बागेश्वर

77. निम्नांकित में कौन सा उत्तराखण्ड निवासी आज़ाद हिन्द फौज़ (आई.एन.ए.) से सम्बन्धित था ?
(a) बलभद्र सिंह नेगी (b) दरबान सिंह (c) गबर सिंह नेगी (d) चंद्र सिंह नेगी

78. वर्ष 1936 में गढ़वाल सेवा संघ की स्थापना कहाँ की गई थी ?
(a) इलाहाबाद (b) दिल्ली (c) देहरादून (d) लखनऊ

79. निम्नांकित में से किस राज्य ने राष्ट्रीय खेल-2023 का आयोजन किया ?
(a) महाराष्ट्र (b) गोवा (c) गुजरात (d) ओडिशा

80. निम्नांकित में से किस देश को 1 जनवरी, 2024 से 'ब्रिक्स' (BRICS) का पूर्णकालिक सदस्य बनने के लिए शामिल नहीं किया गया है ?
(a) अर्जेन्टिना (b) मिस्र (c) ईरान (d) जापान

81. लखुड्यार के शैल चित्र उत्तराखण्ड के किस जनपद में स्थित हैं ?
(a) चमोली (b) उत्तरकाशी (c) अल्मोड़ा (d) चंपावत

82. निम्नलिखित में से किसे बाल्यकाल में "गोसाईं दत्त" नाम से जाना जाता था ?
(a) लोकरत्न पंत
(b) सुमित्रानन्दन पंत
(c) गोविन्द बल्लभ पंत
(d) गंगादत्त उप्रेती

83. निम्नलिखित में से कौन सा एक सुषिर वाद्य है ?
(a) हुड़का (b) नागफनी (c) ढोल (d) दोतारा

84. बद्रीनाथ के रावल पुजारी परंपरानुसार किस राज्य के मूल निवासी होते हैं ?
(a) असम (b) महाराष्ट्र (c) तेलंगाना (d) केरल

85. निम्नांकित में से कौन सा मन्दिर गढ़वाल में स्थित है ?
(a) धौलीनाग (b) बेड़ीनाग (c) नागनाथ पोखरी (d) कालीनाग

86. उत्तराखण्ड के निम्न जनपदों के समूह में से कौन सा अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है ?
(a) चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर
(b) पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी
(c) चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग
(d) चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर

87. सोना नदी वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस जनपद में अवस्थित है ?
(a) नैनीताल (b) हरिद्वार (c) पौड़ी गढ़वाल (d) देहरादून

88. निम्नलिखित में से "द चिपको मूवमेण्ट : ए पीपुल्स हिस्ट्री" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(a) शेखर पाठक
(b) रामचन्द्र गुहा
(c) चंडीप्रसाद भट्ट
(d) सुन्दर लाल बहुगुणा

89. 2020-21 में उत्तराखण्ड के निम्नलिखित में से किस जनपद में सर्वाधिक कृषि-योग्य भूमि है ?
(a) हरिद्वार (b) नैनीताल (c) देहरादून (d) उधमसिंह नगर

90. लोसर पर्व का सम्बन्ध उत्तराखण्ड की किस जनजाति से है ?
(a) जाड-भोटिया (b) थारू (c) जौनसारी (d) बोक्सा

91. दशोली ग्राम स्वराज्य संघ की स्थापना किसने की ?
(a) गौरा देवी
(b) चंडीप्रसाद भट्ट
(c) सुन्दर लाल बहुगुणा
(d) अनिल प्रकाश जोशी

92. निम्नलिखित में से कौन 'चारण' उपनाम से प्रसिद्ध थे ?
(a) हरिकृष्ण रतुड़ी
(b) चंडीप्रसाद भट्ट
(c) शिवप्रसाद डबराल
(d) गंगादत्त उप्रेती

93. निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | नदी | | जल-विद्युत परियोजना |
|---|---|---|---|
| (a) | आसन | – | कुलहाल |
| (b) | भिलंगना | – | मनेरी-भाली |
| (c) | अलकनन्दा | – | विष्णुप्रयाग |
| (d) | भागीरथी | – | कोटेश्वरम् |

94. भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार, उत्तराखण्ड के निम्न में से किस जनपद में सर्वाधिक वन क्षेत्र (%) है ?

(a) नैनीताल (b) उत्तरकाशी (c) चमोली (d) चम्पावत

95. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कुशकल्याण बुग्याल | – | टिहरी गढ़वाल |
| (b) | दयारा बुग्याल | – | रुद्रप्रयाग |
| (c) | बेदनी बुग्याल | – | चमोली |
| (d) | खलिया बुग्याल | – | पिथौरागढ़ |

96. टिहरी दरबार ने वर्ष 1928–29 में वन सलाहकार के रूप में डॉ. एफ. हेस्क की सेवाएँ लीं। वे किस देश के निवासी थे ?

(a) इटली (b) जर्मनी (c) फ्रांस (d) स्पेन

97. गार्डनर के द्वारा कुमाऊँ तथा गढ़वाल में प्रथम राजस्व बंदोबस्त किस वर्ष लागू किया गया ?

(a) 1799 (b) 1815 (c) 1856 (d) 1902

98. निम्नलिखित को सही सुमेलित कीजिए तथा दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| | हिमानी | | नदी |
|---|---|---|---|
| (A) | सतोपंथ | (i) | भागीरथी |
| (B) | गंगोत्री | (ii) | अलकनंदा |
| (C) | मिलम | (iii) | पूर्वी रामगंगा |
| (D) | नामिक | (iv) | गोरीगंगा |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iv | ii | i | iii |
| (b) | iii | ii | iv | i |
| (c) | ii | i | iv | iii |
| (d) | i | ii | iii | iv |

99. किस जनजाति को "शौका" के नाम से भी जाना जाता है ?

(a) थारू (b) बोक्सा (c) भोटिया (d) मुण्डा

100. निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र की दृष्टि से सबसे बड़ा है ?

(a) कॉर्बेट (b) फूलों की घाटी (c) गंगोत्री (d) राजाजी

## खण्ड-2

## सामान्य बुद्धि परीक्षण


101. एक परिवार में प्रत्येक लड़की के भाइयों की संख्या उतनी ही है जितनी उसकी बहनों की है और प्रत्येक लड़के की बहनें उसके भाइयों की दोगुनी है। परिवार में कितने लड़के हैं?
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

102. निम्नलिखित शृंखला में गलत संख्या है :
11, 2, 21, 3, 32, 4, 41, 5, 51, 6
(a) 21 (b) 11 (c) 32 (d) 51


103. यदि 3 + 4 + 5 = 60, 4 + 5 + 3 = 60, 5 + 7 + 4 = 140, तो 10 + 5 + 0 = ?
(a) 70 (b) 60 (c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

104. यदि $A = 3^{34}$, $B = 2^{51}$ तथा $C = 7^{17}$, तो निम्नलिखित में से कौन सा एक सही है?
(a) $A > B > C$ (b) $C > B > A$ (c) $A < B < C$ (d) $B < C < A$

105. यदि एक दर्पण को निम्नलिखित आकृति के दाईं ओर रखा गया है :



तो आकृति की सही छवि है :

(a)  (b)  (c)  (d) 

106. अनुक्रम $\frac{2}{3}, \frac{5}{8}, \frac{8}{13}, \frac{11}{18}$, ? में अगला भिन्न कौन सा आता है?
(a) $\frac{14}{23}$ (b) $\frac{15}{23}$ (c) $\frac{16}{23}$ (d) $\frac{17}{23}$

107. निम्नलिखित में कथन (A) और कारण (R) दिये गये हैं :
**कथन (A) :** बिना पॉलिश किया हुआ चावल खाना चाहिये।
**कारण (R) :** पॉलिश किये हुए चावल में विटामिन B की कमी होती है।
नीचे दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनें :
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

108. A और B की आयु का अनुपात 4 : 3 है। यदि 6 वर्ष बाद A, 26 वर्ष का हो जायेगा, तो B की वर्तमान आयु है :
(a) 13 (b) 14 (c) 11 (d) 15

Adda247

109. नीचे दिये गये विकल्पों में से कौन सा, विद्युत : तार से अधिकतम समानता वाला युग्म होगा ?

(a) हवाई–जहाज : आकाश

(b) गर्मी : आग

(c) वायु : पंखा

(d) पानी : पाइप

110. यदि A तथा B फुटबॉल व हॉकी खेलते हैं, C तथा D बैडमिण्टन व क्रिकेट खेलते हैं, B तथा C क्रिकेट व फुटबॉल खेलते हैं और A तथा D हॉकी व बैडमिण्टन खेलते हैं, तब कौन बैडमिंटन, फुटबॉल तथा हॉकी खेलता है ?

(a) A

(b) B

(c) C

(d) D

111. लता, सुनिता से एक वर्ष बड़ी है । सुनिता, बिन्दु से दो वर्ष बड़ी है । राजन, बिन्दु से एक वर्ष बड़ा है । इनमें सबसे छोटा कौन है ?

(a) सुनिता

(b) लता

(c) बिन्दु

(d) राजन

112. कौन सी संख्या समान परिणाम देती है जब इसे $1\frac{1}{2}$ में जोड़ा जाता है और जब $1\frac{1}{2}$ से गुणा किया जाता है ?

(a) 1

(b) 3

(c) 5

(d) 7

113. यदि PINK को RQPI से कूट किया जाता है, तो BLUE को कैसे कूट किया जायेगा ?

(a) HLMJ

(b) KTRP

(c) DJWC

(d) DKRO

114. संख्या 31424 में 4 के स्थानीय मानों में कितने का अन्तर है ?

(a) 0

(b) 398

(c) 396

(d) 4

115. 49 विद्यार्थियों की कक्षा में, श्रीमान A का ऊपर से 18वाँ स्थान है । नीचे से उनका स्थान क्या है ?

(a) 18

(b) 19

(c) 31

(d) 32

116. निम्नलिखित में से कौन, समूह में अन्य से भिन्न है ?

EFGHI, IJKLM, UVWXY, OPQRS

(a) EFGHI

(b) IJKLM

(c) UVWXY

(d) OPQRS

117. LEAP : PEAL तब 8326 : ?

(a) 2368

(b) 6283

(c) 6328

(d) इनमें से कोई नहीं

118. यदि किसी वर्ष में 25 अगस्त को गुरुवार है, तो उस माह में मंगलवारों एवं शनिवारों की संख्याओं का योग होगा :

(a) 7 (b) 8 (c) 9 (d) 10

119. निम्नलिखित अव्यवस्थित अक्षरों को व्यवस्थित करके किसी शहर का नाम बनाया जाता है। शहर के नाम के मध्य में कौन सा अक्षर आयेगा ?

DNODHROEA

(a) A (b) E (c) O (d) D

120. यदि बस, कार से सम्बन्धित है, तो इसी प्रकार नदी सम्बन्धित होगी :

(a) तालाब से (b) झील से (c) तरण-ताल से (d) धारा से


121. यदि किसी कूट भाषा में, TEAM को YN तथा MEAT को RU लिखा जाता है, उस भाषा में BOOK को कैसे लिखेंगे ?

(a) SV (b) PX (c) QZ (d) TK

122. X, Y की बहन है; Y, Z का भाई है; Z, P का पति है और O, Y का पिता है। P, O से किस प्रकार से सम्बन्धित है ?

(a) बहन (b) पुत्री (c) चाची/मामी (d) पुत्रवधू

123. चित्र-I और II किसी प्रकार से सम्बन्धित हैं। इसी प्रकार III और IV भी सम्बन्धित हैं। कौन सा विकल्प प्रश्न सूचक चिह्न '?' को प्रतिस्थापित करेगा ?




I II III IV

(a)  (b)  (c)  (d) 

124. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म, (36, 216) से किसी नियमानुसार समानता रखता है ?

(a) (4, 12) (b) (16, 32) (c) (25, 100) (d) (9, 27)


125. शब्द ARISTOTLE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित किया गया है। कितने अक्षर अपनी स्थिति नहीं बदलेंगे ?

(a) कोई नहीं (b) एक (c) दो (d) तीन

126. एक घड़ी को दर्पण में देखने पर पौने नौ का समय दिखाई देता है। सही समय क्या होगा ?

(a) 3:15 (b) 6:15 (c) 8:45 (d) 12:15

127. प्रत्येक चित्र में संख्याओं को किसी नियम के आधार पर व्यवस्थित किया गया है । दिये गये विकल्पों में से कौन सी संख्या 'X' को प्रतिस्थापित करेगी ?




(a) 10 (b) 12 (c) 14 (d) 16


128. $4+\cfrac{4}{4+\cfrac{1}{4+\frac{1}{4}}}$ का मान है :

(a) $\frac{69}{18}$ (b) $\frac{71}{18}$ (c) $\frac{83}{18}$ (d) $\frac{89}{18}$

129. श्रेणी $\frac{1}{81}, \frac{1}{108}, \frac{1}{144}, \frac{1}{192}$, ______ का अगला पद है

(a) $\frac{1}{240}$ (b) $\frac{1}{256}$ (c) $\frac{1}{312}$ (d) $\frac{1}{428}$

130. निम्नलिखित चित्र में त्रिभुजों की कुल संख्या कितनी है ?



(a) 8 (b) 10 (c) 12 (d) 14

Adda247

131. 40 लड़कियों की पंक्ति में, रिया बायीं ओर से 24 वें स्थान तथा प्रिया दायीं ओर से 26वें स्थान पर हैं । रिया और प्रिया के मध्य कितनी लड़कियाँ हैं ?

(a) 7 (b) 8 (c) 9 (d) 10

132. वर्णों के निम्नलिखित अनुक्रम में विलुप्त पद है :

A, D, I, ______, Y

(a) M (b) N (c) O (d) P

133. यदि ONE = 314, TWO = 325 और FOUR = 448, तो FIVE = ?

(a) 437 (b) 358 (c) 459 (d) 336

134. यदि आप 1 से 100 तक सभी संख्याएँ लिखते हैं, तो आप 5 कितनी बार लिखेंगे ?

(a) 11 (b) 18 (c) 20 (d) 19

135. निम्नलिखित को अर्थपूर्ण अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :


1. वाक्यांश
2. अक्षर
3. शब्द
4. वाक्य

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 3, 2, 4 (c) 2, 3, 1, 4 (d) 2, 3, 4, 1

136. यदि दो संख्याओं का योग 15 है तथा उनका अन्तर 7 है, तो छोटी संख्या है :

(a) 11 (b) 4 (c) 2 (d) 1

137. निम्नलिखित आकृति में लुप्त अक्षर है :





(a) M (b) P (c) Q (d) S

138. निम्नलिखित में से कौन बेमेल है ?

(a) मणिपुर (b) सिक्किम (c) हरियाणा (d) लक्षद्वीप

139. निम्न चित्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिये गये प्रश्न का उत्तर दें :




कौन सा क्षेत्र भारतीय नेता जो गायक नहीं हैं को प्रदर्शित करता है ?

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

140. निम्नलिखित में से भिन्न को चुनिये :

(a) बैंगलोर (b) नागपुर (c) भोपाल (d) लखनऊ

141. CYBERNETICS शब्द में कौन से अक्षर का स्थल अंग्रेजी वर्णमाला के समान स्थान रखता है ?

(a) C (b) E (c) I (d) T

142. वह शब्द चुनें जो समूह के अन्य शब्दों से सबसे कम मेल खाता हो ।

(a) अदरक (b) प्याज (c) धनिया (d) आलू



Adda247

**143.** निम्नलिखित शृंखला में लुप्त पद है :

X78, T92, P106, ?

(a) L120 (b) K120 (c) M120 (d) L118

**144.** निम्नलिखित में से भिन्न संख्यात्मक युग्म/समूह चुनें :

(13, 21), (19, 27), (15, 23), (16, 24)

(a) (13, 21) (b) (19, 27) (c) (15, 23) (d) (16, 24)

**145.** एक आदमी दक्षिण की ओर 30 मीटर चलता है, फिर वह अपनी दाहिनी ओर मुड़कर 30 मीटर चलता है। फिर, वह अपनी बायीं ओर मुड़कर 20 मीटर चलता है। फिर, वह अपनी बायीं ओर मुड़ता है और 30 मीटर चलता है। वह अपनी आरम्भिक स्थिति से कितनी दूर है ?

(a) 50 मीटर (b) 30 मीटर (c) 60 मीटर (d) 80 मीटर

**146.** निम्नलिखित में से अन्य से भिन्न को चुनिये :

120, 728, 168, 380

(a) 120 (b) 728 (c) 168 (d) 380

**147.** यदि

$$\begin{array}{r} AB \\ \times 6 \\ \hline 1BB \end{array}$$, तो A और B हैं :

(a) A = 4, B = 3 (b) A = 4, B = 2 (c) A = 3, B = 4 (d) A = 2, B = 4

**148.** एक परीक्षा में, एक छात्र प्रत्येक सही उत्तर के लिये 8 अंक प्राप्त करता है और प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 2 अंक खो देता है। यदि वह सभी 120 प्रश्नों को हल करता है और 260 अंक प्राप्त करता है, तो उसके द्वारा सही किये गये प्रश्नों की संख्या है :

(a) 48 (b) 49 (c) 50 (d) 55

**149.** निम्नलिखित में लुप्त अंक प्राप्त करें :

| | | |
|---|---|---|
| | 5 | |
| 16 | 109 | 2 |
| | 6 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 21 | |
| 22 | 53 | 19 |
| | 15 | |

| | | |
|---|---|---|
| | 51 | |
| 17 | ? | 48 |
| | 13 | |

(a) 17 (b) 49 (c) 25 (d) 29

**150.** यदि छः अंकों की संख्या 35A79B, 9 से भाज्य है, तब A + B का मान बराबर है :

(a) 12 (b) 21 (c) 30 (d) 39

Adda247